डी.ए.वी. स्कूल - हुडको

23, 24, 25 अक्टू. 2010

सुमिरन कर ले नाम प्रभु का

- डीएवी हुडको में यूथ फेस्टिवल
- भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी बच्चों ने

भिलाई। नन्हे बच्चों ने जब सुर ताल के बीच भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रोता भी भाव-विभोर हो उठे। डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको में महात्मा हंसराज यूथ फेस्टिवल 2010 का आयोजन किया गया है।

तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन भजन गायन, एकल शास्त्रीय नृत्य, गजल गायन, विभिन्न राज्यों की पारंपरिक नृत्य, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, हिन्दी भाषण, रंगोली और अंग्रेजी वाद-विवाद स्पर्धा हुई। डीएवी हुडको के मैदान पर बने आकर्षक मंच पर बच्चों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। कुल 16 स्कूलों ने इसमें भाग लिया। मोनेट डीएवी रायपुर ने सूरदास के भजन 'दीन दुख हरन देन' प्रस्तुत किया। मोनेट डीएवी रायपुर ने 'सुमरिन कर ले नाम प्रभु का' और डीएवी कुसमुंडा के बच्चों ने 'तेरो चाकर करे पुकार' भजन प्रस्तुत किया। स्वागत गीत स्पर्धा में 18 स्कूलों की टीम ने हिस्सा लिया।

स्पर्धा के निर्णायक संगीत गुरू एसआर शेवलीकर, पीटी उल्लास, अश्वनी कुमार वर्मा थे।कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को मुख्य अतिथि राज्यपाल शेखर दत्त ने दीप प्रज्जवलित कर इस तीन दिवसीय अखिल भारतीय महात्मा हंसराज आर्यन यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अनूठे आयोजन की सराहना की। श्री दत्त ने कहा कि युवा महोत्सव के माध्यम से प्रतियोगी केवल प्रतिभा को ही मुखरित न कर अपने समग्र व्यक्तित्व का विकास करें। विशिष्ट अतिथि बीएसपी के प्रबंध निदेशक वी.के. अरोरा ने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही न हो बल्कि बच्चों में गुणात्मक विकास भी हो। विशेष अतिथि रिजनल डायरेक्टर डीएवी स्कूल एसपी व सीजी जोन ओपी अरोरा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। कलेक्टर ठाकुर राम सिंह और एसपी अमित कुमार, एलएमसी चेयरमेन एन. मोहपात्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। डीएवी हुडको के प्रिंसिपल प्रशांत कुमार ने यूथ फेस्टिवल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में डीएवी एमपी व सीजी जोन के संचालित 24 स्कूलों के 755 विद्यार्थी व 108 शिक्षक शामिल हुए हैं। विविध स्पर्धाओं में ये विद्यार्थी अपनी कला प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। प्रथम दिन वेदमंत्र का सस्वर पाठ, अंग्रेजी भाषण, चित्रकला स्पर्धा, हिन्दी वाद विवाद स्पर्धा, एकल गीत, नाटक व ग्रीटिंग कार्ड स्पर्धा आयोजित हुई। स्पर्धा का समापन 25 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे होगा। मुख्य अतिथि एडीशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो छग गिरधारी लाल नायक होंगे।

डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको में युवा उत्सव के दौरान नृत्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थीगण।

युवा उत्सव का उद् घाटन करते राज्यपाल शेखर दत्त और एमडी श्री अरोरा।